# Guru Jambheshwar University of Science & technology Hisar.
## In news In June 2017

क्रेज | ए ग्रेड रैंकिंग, विभिन्न कोर्स की सुविधाएं व कैंपस की खूबसूरती कर रही आकर्षित

# विदेशी स्टूडेंट्स का जीजेयू में बढ़ा रुझान, पिछले साल 31 आवेदन आए थे, इस बार अब तक 51 ने फार्म भरे

सुभाष चंद्र | हिसार

जीजेयू में दाखिले को लेकर विदेशी छात्रों का रुझान बढ़ा है। पिछले वर्ष जहां विभिन्न देशों से सिर्फ 31 छात्रों ने आवेदन किया था। वहीं इस वर्ष अब तक 51 विदेशी छात्र विभिन्न कोर्सेस में दाखिले के लिए आवेदन कर चुके हैं।

विदेशी छात्रों के अनुसार जीजेयू की ए ग्रेड रैंकिंग, विभिन्न कोर्स की सुविधाएं, प्लेसमेंट व इमारतों की खूबसूरती विदेशी छात्रों को यहां पढ़ने के लिए आकर्षित कर रही है। इस बार सबसे ज्यादा आवेदन अफ्रीका महाद्वीप के देशों से आए हैं। इनमें सबसे अधिक आवेदन इथोपिया देश से है। अफ्रीका के ही अन्य देश घाना, उगांडा आदि देशों से भी छात्रों ने दाखिले के लिए आवेदन किए हैं। वहीं हर वर्ष की तरह पड़ोसी देश नेपाल से भी जीजेयू में दाखिले के लिए आवेदन आए है। पिछले वर्ष विवि में दाखिला पाने वालों में ईरान व नेपाल के छात्र भी शामिल थे। हालांकि डॉक्यूमेंट व अन्य कारणों के चलते पिछले वर्ष 31 आवेदनों में से सिर्फ 6 छात्रों को ही जीजेयू में दाखिला मिल पाया था। जीजेयू में इंटरनेशनल छात्र विभाग के प्रोफेसर संजीव के अनुसार अभी और आवेदन आने की उम्मीद है।

### इन देशों से आए हैं आवेदन



| | |
|---|---|
| इथोपिया: | 45 |
| घाना : | 3 |
| नेपाल : | 2 |
| उगांडा : | 1 |

### इन कोर्सों में किया आवेदन

| | |
|---|---|
| एन्वायरमेंटल साइंस : | 10 |
| मैनेजमेंट : | 18 |
| केमिस्ट्री : | 2 |
| कंम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग : | 11 |
| इलेक्ट्रॉनिक्स : | 6 |
| फुड टेक : | 2 |
| बायोमेडिकल इंजीनियरिंग : | 2 |

**15 % सीटें होती है प्रत्येक कोर्स में विदेशी छात्रों के लिए :** विवि में हर कोर्स में विदेशी छात्रों के लिए 15 प्रतिशत अतिरिक्त सीटें अनिवार्य रूप से होती है।

**विवि के माहौल में ढालने के लिए रखा जाता है एक साथ**
विदेशी छात्रों के लिए विवि में छात्रों को हॉस्टल में एक साथ रखा जाता है। गर्ल्स हॉस्टल में सभी विदेशी गर्ल्स छात्रों को एक साथ रखा जाता है।

दैनिक भास्कर - 3/6/17

# जीजेयू के विद्यार्थी अजय चौहान और विनय यादव का चयन



विनय कुमार यादव



अजय चौहान

## कुलपतिऔर कुलसचिव ने विद्यार्थियों को बधाई दी

अमर उजाला ब्यूरो
हिसार।

जीजेयू के पर्यावरण विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग के विद्यार्थी अजय चौहान का चयन कोका कोला कंपनी कंधारी बेवरेजिज और कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के विद्यार्थी विनय कुमार यादव का चयन रिविगो कंपनी में हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर ने विद्यार्थियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रताप सिंह मलिक ने बताया कि विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से विश्वविद्यालय में अप्रैल में आयोजित कंधारी बेवरेजिज कंपनी की प्लेसमेंट प्रक्रिया में विश्वविद्यालय के खाद्य तकनीकी विभाग एवं पर्यावरण विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग के 18 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसके आधार पर कंपनी के अंबाला कार्यालय में आयोजित प्लेसमेंट प्रक्रिया के दूसरे चरण में विश्वविद्यालय के छह विद्यार्थियों ने भाग लिया। दूसरे चरण में सफल होने पर पर्यावरण विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग के एक विद्यार्थी अजय चौहान का चयन हुआ है।

अमर उजाला - 3/6/17

# जीजेयू के दो छात्रों का निजी कंपनी में चयन



अजय चौहान



बिनय कुमार यादव

**जागरण संवाददाता हिसार :** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग के विद्यार्थी अजय चौहान का चयन कोका कोला कंपनी कंधारी बेवरेजिज और कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के विद्यार्थी बिनय कुमार यादव का चयन रिविगो कंपनी में हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर ने विद्यार्थियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

ट्रेनिंग एंड प्लेमेंट सैल के निदेशक प्रताप सिंह मलिक ने बताया कि विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से विश्वविद्यालय में अप्रैल माह में आयोजित कंधारी बेवरेजिज कंपनी के प्लेसमेंट प्रक्रिया में विश्वविद्यालय के खाद्य तकनीकी विभाग एवं पर्यावरण विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग के 18 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। इसके आधार पर कंपनी के अंबाला कार्यालय में आयोजित प्लेसमेंट प्रक्रिया के दूसरे चरण में विश्वविद्यालय के छह विद्यार्थियों ने भाग लिया। दूसरे चरण में सफल होने पर पर्यावरण विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग के एक विद्यार्थी अजय चौहान का चयन हुआ है। ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट सैल के सहायक निदेशक आदित्यवीर सिंह ने बताया कि रिविगो कंपनी के ऑफ कैंपस ड्राइव में कंपनी द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साईस एंड इंजीनियरिंग विभाग के विद्यार्थी विनय कुमार यादव का चयन हुआ है। विनय कुमार यादव को तीन लाख रुपये वार्षिक पैकेज दिया जाएगा।

दैनिक जागरण - 3/6/17

# जीजेयू के दो विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंटचयन



अमन वर्मा।



शेखर शाह।

हिसार। जीजेयू के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सैल के सौजन्य से आयोजित कैंपस प्लेसमेंट कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्रिंटिंग तकनीकी विभाग के दो विद्यार्थियों का चयन बोएचर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, गुड़गांव में हुआ है। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सैल के निदेशक प्रताप सिंह मलिक ने बताया कि प्लेसमेंट कार्यक्रम के पहले चरण में विवि के प्रिंटिंग तकनीक विभाग के 22 विद्यार्थियों ने कंपनी द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार में भाग लिया। जिसके आधार पर कंपनी ने अंतिम चरण के साक्षात्कार के लिए विभाग के पांच विद्यार्थियों को सूचिबद्ध किया। गुड़गांव स्थित कार्यालय में अधिकारियों ने विद्यार्थियों का अंतिम साक्षात्कार लिया जिसके आधार पर विश्वविद्यालय के प्रिंटिंग विभाग के दो विद्यार्थियों का चयन किया गया है। कंपनी में चयनित विद्यार्थियों में शेखर शाह और अमन वर्मा शामिल हैं।

अमर उजाला - 6/6/17

# जीजेयू के छात्र का बनाया रोबोट रोकेगा बम विस्फोट

**जागरण संवाददाता हिसार :** गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के इलैक्ट्रोनिक विभाग के फाइनल इयर के विद्यार्थी कुणाल गोयल ने ऐसा रोबोट तैयार किया है, जो आर्मी में विभिन्न तरीके के बमों को डिटेक्ट करने में सहयोग कर सकेगा। विद्यार्थी के अनुसार भविष्य में इस रोबोट से मिलिट्री में ऑटोमेटिक बम और माइंस डिटेक्शन का पता लगाया जा सकेगा। इसके अलावा रोबोट से ऑटोमैटिक फ्लोर क्लीनिंग भी की जा सकेगी। विश्वविद्यालय के कुलपति और रजिस्ट्रार अनिल कुमार पुंडीर ने इस सफलता पर विद्यार्थी कुणाल और गाइड डा. दीपक केडिया को बधाई दी। यह दो मोड में चलाया जा सकेगा। कुनाल ने इसका नाम जेस्चर एंड ऑटोमेटिक्ली कंट्रोल्ड अनमेंड व्हीक्ल रखा है।



कुनाल प्रोजेक्ट गाइड डॉ. दीपक केडिया रोबोट दिखाते हुए। • जागरण

**रूकावटों को 10 मीटर दूर से पहचानेगा –** जेस्चर मोड यानि केवल रिमोट को विभिन्न दिशाओं में घूमाने भर से ही इस रोबोट को चलाया जा सकेगा। रोबोट द्वारा किसी भी दिशा में इशारा करने पर यह रोबोट उसी दिशा में आगे बढ़ेगा। यही नहीं, रोबोट को दायें बायें घुमाने पर यह अपने आप घूम भी जाएगा। दूसरा, अगर रोबोट के आगे कोई पत्थर, गाड़ी या अन्य बाधाएं आ जाती है तो यह 10 मीटर की रेंज से पहले ही पता लगाकर स्वयं को दूर कर अपना रास्ता बदल लेगा। कुणाल ने बताया कि रोबोट को बनाने के लिए जॉनसन मोटर और सर्वो मोटर का इस्तेमाल किया गया है। वहीं रिमोट में रेडियो फ्रिक्वेंसी ट्रांसमीटर का प्रयोग किया गया है। विद्यार्थी कुनाल ने बताया कि भविष्य में यह रिमोट आर्मी में बेहद कारगर साबित हो सकता है। यही नहीं रोबोट का फर्श को साफ करने के लिए किया जा सकेगा। रोबोट फर्श पर बिखरी गंदगी को पहचान लेगा और सफाई कर देगा। चेयरमैन संजीव दूल ने विद्यार्थी को इस उपलब्धि पर बधाई दी।

दैनिक जागरण - 6/6/17

# जीजेयू में होंगे 700 स्वयंसेवक एनएसएस की तीन यूनिटें बढ़ाई

**जागरण संवाददाता, हिसार :** गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की एनएसएस यानि राष्ट्रीय इकाई योजना में अब 700 विद्यार्थी स्वयंसेवक बनकर जागरूकता अभियानों में अपना योगदान देंगे। उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा ने विश्वविद्यालय को 3 नई यूनिट का जिम्मा सौंपा है।

विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की समन्वयक प्रो. सुजाता सांघी ने बताया कि विश्वविद्यालय में चार इकाइयां कार्य कर रही थी। प्रत्येक इकाई में 100 विद्यार्थी हैं। तीन नई इकाई मिलने से विश्वविद्यालय के पास अब सात इकाई हो गई हैं। जिसमें कुल 700 स्वयंसेवक हो गए हैं। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर ने प्रो. सुजाता सांघी द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए बधाई दी। प्रो. सांघी ने बताया कि विश्वविद्यालय के अधीन कार्य कर रही राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई हर क्षेत्र में सच्ची लग्न, मेहनत व ईमानदारी से कार्य कर रही है। विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किए जा रहे रक्तदान शिविर, सफाई अभियान सहित विभिन्न जागरूकता अभियानों में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का अह्म योगदान रहता है। राष्ट्रीय सेवा योजना के अच्छे कार्यों को देखते हुए ही उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा ने चार इकाई के साथ-साथ तीन इकाईयां ओर विश्वविद्यालय को दी हैं। अब विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की कुल 7 इकाईयां होंगी जिसमें 700 स्वयंसेवक कार्य करेंगें।

**जीजेयू में एससी यूनियन का धरना स्थगित :** गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय में एससी यूनियन का चल रहा धरना मंगलवार को खत्म हो गया। विश्वविद्यालय की अनुसूचित जाति कर्मचारी कल्याण संघ की प्रधान सुमन भोला ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने उनकी मांगे पूरी करने के लिए एक महीने का समय मांगा है।

दैनिक जागरण - 7/6/17

# गांधी को 3 अन्य इकाइयों का जिम्मा सौंपा

हिसार, 6 जून (का.प्र.): गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी वि.वि. हिसार के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की समन्वयक प्रो. सुजाता सांघी ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा वि.वि. को 3 और इकाइयों का जिम्मा सौंपा है। इससे पहले वि.वि. के पास 4 इकाइयां कार्य कर रही हैं। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर ने प्रो. सुजाता सांघी द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए बधाई दी। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सभी सदस्यों स्वयंसेवकों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रो. सांघी ने बताया कि वि.वि. के अधीन कार्य कर रही राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई हर क्षेत्र में सच्ची लगन, मेहनत व ईमानदारी से कार्य कर रही है। वि.वि. द्वारा आयोजित किए जा रहे रक्तदान शिविर, सफाई अभियान सहित विभिन्न जागरुकता अभियानों में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का अहम योगदान रहता है। अब विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की कुल 7 इकाईयां होंगी जिसमें 700 स्वयंसेवक कार्य करेंगे।

पंजाब केसरी हिसार - 7/6/17

# जीजेयू में कुल 7 इकाइयों में होंगे 700 स्वयंसेवक

हिसार। जीजेयू के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की समन्वयक प्रो. सुजाता सांघी ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग, हरियाणा द्वारा विश्वविद्यालय को तीन और इकाईयों का जिम्मा सौंपा है। इससे पहले विश्वविद्यालय के पास चार इकाईयां कार्य कर रही है। विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किए जा रहे रक्तदान शिविर, सफाई अभियान सहित विभिन्न जागरूकता अभियानों में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का अह्म योगदान रहता है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के अच्छे कार्यों को देखते हुए उच्च शिक्षा विभाग, हरियाणा, पंचकुला ने चार इकाई के साथ-साथ तीन इकाईयां और विश्वविद्यालय को दी हैं। अब विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की कुल 7 इकाईयां होंगी जिसमें 700 स्वयंसेवक कार्य करेंगे।

अमर उजाला - 7/6/17

# कैम्पस प्लेसमैंट कार्यक्रम में गुजवि के दो विद्यार्थियों का हुआ चयन



हिसार। गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट सैल के सौजन्य से आयोजित कैम्पस प्लेसमैंट कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्रिंटिंग तकनीकी विभाग के दो विद्यार्थियों का चयन साई कॉम कोडस फलैक्सोप्रिंट प्राइवेट लिमिटेड, मानेसर में हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर ने विद्यार्थियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट सैल के निदेशक प्रताप सिंह मलिक ने बताया कि प्लेसमैंट कार्यक्रम के पहले चरण में विश्वविद्यालय के प्रिंटिंग तकनीकी विभाग के 13 विद्यार्थियों ने कंपनी द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार में भाग लिया। जिसके आधार पर कंपनी ने अंतिम चरण के साक्षात्कार के लिए विभाग के पांच विद्यार्थियों को सूचिबद्ध किया। कंपनी के मानेसर स्थित कार्यालय में कंपनी के अधिकारियों ने विद्यार्थियों का अंतिम साक्षात्कार लिया जिसके आधार पर विश्वविद्यालय के प्रिंटिंग विभाग के दो विद्यार्थियों का चयन किया गया है। साई कोडस कॉम फलैक्सोप्रिंट प्राइवेट लिमिटेड, मानेसर के अधिकारियों निदेशक रमेश पंवार तथा सेल्स एंड मार्केटिंग प्रबंधक रीना यादव ने कंपनी का प्रतिनिधित्व किया। मलिक ने प्रिंटिंग टैक्नॉलोजी विभाग के अध्यक्ष डा. अम्बरीष पाण्डेय तथा प्लेसमैंट कोर्डिनेटर डा. पंकज तिवारी का विद्यार्थियों को तैयार करने व प्रोत्साहित करने के लिए आभार व्यक्त किया है। कंपनी में चयनित विद्यार्थियों में अजय कुमार व नवीन जांगड़ा शामिल हैं। चयनित विद्यार्थी इसी वर्ष कोर्स पूरा होने के बाद कंपनी में ज्वाईन करेंगे।

पांच बजे - 6/6/17

# 'ओरिजिन इंडिया' में गुजवि के चार छात्रों का चयन

**आज समाज नेटवर्क**

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सैल के सौजन्य से आयोजित कैम्पस प्लेसमेंट कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के चार विद्यार्थियों का चयन ओरिजिन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, हिसार में हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार पुंडीर ने विद्यार्थियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट सैल के निदेशक प्रताप सिंह मलिक ने बताया कि प्लेसमैंट कार्यक्रम के पहले चरण में विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साईस एंड इंजीनियरिंग तथा हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस के 19 विद्यार्थियों ने कंपनी द्वारा आयोजित साक्षात्कार में भाग लिया। जिसके आधार पर कंपनी ने अंतिम चरण के साक्षात्कार के लिए विश्वविद्यालय के पांच विद्यार्थियों को सूचिबद्ध किया। कंपनी के अधिकारियों ने सूचीबद्ध विद्यार्थियों का अंतिम साक्षात्कार लिया जिसके आधार पर विश्वविद्यालय के हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस के तीन विद्यार्थियों तथा कंप्यूटर साईस एंड इंजीनियरिंग विभाग के एक विद्यार्थी का चयन किया गया है। ओरिजिन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, हिसार के अधिकारी विवेक कुमार व ओमवीर सिंह ने कंपनी का प्रतिनिधित्व किया।

मलिक ने कंप्यूटर साईस एंड इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ. प्रो. रिशीपाल सिंह तथा प्लेसमैंट कोर्डिनेटर डॉ. ओपी सांगवान का विद्यार्थियों को तैयार करने व प्रोत्साहित करने के लिए आभार व्यक्त किया है। हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस के ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट अधिकारी संजय सिंह ने बताया कि ओरिजिन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, हिसार वित्तीय क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनी है। कंपनी भारत सरकार से जुड़े वित्तीय और स्वास्थ्य क्षेत्र में काम करती है। प्लेसमेंट कार्यक्रम में हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस के विद्यार्थी सुरेन्द्र सिंह, आशीष आनंद व मनीष कुमार का चयन सेल्स एग्जीक्युटिव के पद पर तथा कंप्यूटर साईस एंड इंजीनियरिंग विभाग के विद्यार्थी भाविक गर्ग का चयन सॉफ्टवेयर डिवेल्पर के पद पर हुआ है। चयनित विद्यार्थी इसी वर्ष कोर्स पूरा होने के बाद कंपनी में ज्वाईन करेंगे।

आज समाज - 8/6/17

# गुजवि के 30 शोधार्थियों ने हरियाणा लोक सेवा आयोग में पाई सफलता



हिसार। गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस के विद्यार्थियों ने हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित किए गए कॉलेज केडर के सहायक प्रोफेसर इन कॉमर्स में शानदार प्रदर्शन किया है। विभाग के 30 से अधिक शोधार्थियों व पूर्व विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में सफलता हासिल की। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार तथा कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर ने इस प्रदर्शन पर सफल शोधार्थियों व विद्यार्थियों को बधाई दी। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस में शिक्षण एवं शोध के उच्च मापदण्ड विभाग के निदेशक व शिक्षकगण ने स्थापित किए हैं, जिनके कारण यहां पर शोधार्थी उच्च स्तरीय शोध में रूचि लेते हैं। इसके चलते शोधार्थियों एवं पूर्व विद्यार्थियों विक्रांत, श्वेता, तनवी, रेणु, दिनेश, शिवानी, निशा, पूजा, सुमन, मंजू, महेन्द्र, नेहा, सुनील, प्रीति, सुरेन्द्र, आशीष, श्वेता पटनेजा व अन्जू ने सहायक प्रोफेसर इन कॉमर्स की परीक्षा उत्तीर्ण कर विवि व विभाग का नाम रोशन किया है। इस मौके पर हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस की निदेशिका प्रो. ऊषा अरोड़ा, अधिष्ठाता प्रो. नरेन्द्र सिंह मलिक, ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सैल के निदेशक प्रताप सिंह मलिक, संजय सिंह आदि मौजूद थे।

हरिभूमि - 13/6/17

# ड्यूल डिग्री पाठ्यक्रमों के लिए 2 हजार विद्यार्थियों ने किए आवेदन

हिसार, 12 जून (का.प्र.): गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में चल रही ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया में ड्यूल डिग्री पाठ्यक्रमों के लिए 2000 विद्यार्थियों ने आवेदन किए हैं। पिछले शैक्षणिक सत्र के दौरान इन कोर्सिस के लिए कुल 1862 विद्यार्थियों ने आवेदन किया था।

गौरतलब है कि शैक्षणिक सत्र 2016-17 से शुरू हुए पंचवर्षीय ड्यूल डिग्री कोर्सिस बी.एससी. (ऑनर्स) व एम.एससी. फिजिक्स, कैमिस्ट्री, मैथेमैटिक्स तथा बायोटैक्नॉलोजी शुरू किए गए थे। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार इन ड्यूल डिग्री कोर्सिस की तरफ विद्यार्थियों का रुझान बढ़ रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि विद्यार्थियों के बी.एससी. व एम.एससी. ड्यूल डिग्री कोर्स बहुविषयक तथा विशेष शोध को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होंगे।

# जीजेयू के 30 से अधिक शोधार्थियों का चयन

हिसार (ब्यूरो)। जीजेयू के हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस के विद्यार्थियों ने हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित किए गए कॉलेज केडर के सहायक प्रोफेसर इन कॉमर्स में शानदार प्रदर्शन किया है।

विभाग के 30 से अधिक शोधार्थियों व पूर्व विद्यार्थियों ने इस परीक्षा को पास करने में सफलता हासिल की है। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार तथा कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर ने बधाई दी। हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस की निदेशिका प्रो. ऊषा अरोड़ा व अधिष्ठाता प्रो. नरेन्द्र सिंह मलिक ने सभी उर्तीण शोधार्थियों व विद्यार्थियों को बधाई व शुभकमानाएं दी हैं। सफल शोधार्थियों व विद्यार्थियों में मुख्यतः विक्रांत, श्वेता, तनवी, रेणू, दिनेश, शिवानी, निशा, पूजा, सुमन, मंजू, महेन्द्र, नेहा, सुनील, प्रीति, सुरेन्द्र, आशीष, श्वेता पठनेजा व अन्जू इत्यादि शामिल हैं।

# स्टेट के कॉलेजों में कॉमर्स पढ़ाएंगे जीजेयू के रिसर्चर्स

सिटी रिपोर्टर • जीजेयू के विद्यार्थी प्रदेश के विभिन्न कॉलेजों में अब स्टूडेंट्स को कॉमर्स पढ़ाते नजर आएंगे। इसके लिए 30 से अधिक स्टूडेंट का चयन हुआ है। दरअसल, हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन ने कुछ दिनों पूर्व असिस्टेंट प्रोफेसर ऑफ कॉमर्स के पदों पर रिक्तियां निकालीं थी। इसमें प्रदेश के विभिन्न संस्थानों से विद्यार्थियों ने आवेदन किए। इसमें जीजेयू के हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस के 80 शोधार्थियों ने फार्म भरे थे। रिटन एग्जाम और इंटरव्यू के बाद सोमवार को कैंडिडेट्स की फाइनल लिस्ट जारी हुई। प्रोफेसर करमपाल नरवाल ने बताया कि एक ही विश्वविद्यालय से 30 स्टूडेंट्स का चयन होना बड़ी बात है।

दैनिक भास्कर - 13/6

# गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय को मिले 7 करोड़

रण संवाददाता, हिसार : तकनीकी क्षा की गुणवत्ता को सुधारने के लिए श्व बैंक व मानव संसाधन विकास त्रालय द्वारा तीसरी बार गुरु जंभेश्वर श्वविद्यालय को चुना गया है। इसके नए विश्व बैंक और एमएचआरडी मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय) की टीईक्यूआइपी यानि तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार स्कीम के तहत गुजवि को 7 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है। यह बजट तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के तहत अकादमिक गतिविधि, खरीद, छात्रवृत्ति व परिचालन हेतु खर्च किया जाएगा। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार तथा कुलसचिव डा. अनिल कुमार पंडीर ने टीईक्यूआइपी समन्वयक प्रो. धमेन्द्र कुमार व उनकी टीम द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। आपको बता दें कि विश्वविद्यालय को तीसरी बार तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार की जिम्मेदारी मिली है।

गुजवि में टीईक्यूआइपी समन्वयक प्रो. धमेन्द्र कुमार ने बताया कि मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एमएचआरडी) के तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम(टीईक्यूआइपी) स्कीम के तहत विश्वविद्यालय को तीसरी बार यह जिम्मेदारी मिली है। इस परियोजना के तहत पहली बार विश्वविद्यालय किसी एक कॉलेज का मेंटर बनकर तकनीकी शिक्षा में सुधार लाएगा। विश्वविद्यालय उक्त कॉलेज में रिसर्च व टीचिंग के कार्यों में सहायता करेगा। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि विश्वविद्यालय किस कॉलेज का मेंटर बनेगा।

### सौगात

- विश्व बैंक व एमएचआरडी ने प्रदेश के तीन विश्वविद्यालयों को सौपी जिम्मेदारी
- तकनीकी कोर्सों करने वाले विद्यार्थियों को मिलेगा फायदा

### यह होगा फायदा

- विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीक के शोध उपकरण मिल सकेंगे।
- तकनीकी शिक्षा में मेधावियों को छात्रवृत्ति मिलेगी।
- शोधपत्रों की प्रस्तुति के लिए विश्वविद्यालय के बाहर जाने वाले विद्यार्थियों की सहायता।
- अध्यापकों को समय समय पर नवीनतम तकनीक की ट्रेनिंग दी जाएगी।
- प्रयोगशालाए हो सकेगी अपग्रेडेशन।

### प्रदेश के तीन विश्वविद्यालयों को मिली जिम्मेदारी

गुजवि के अलावा प्रदेश के दो और विश्वविद्यालयों को तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन विश्वविद्यालयों में दिनबंधु सर छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मुरथल और वाईएमसीए तकनीकी विश्वविद्यालय फरीदाबाद शामिल हैं।

"पिछली दो योजनाओं से टीईक्यूआइपी-1 व टीईक्यूआइपी-2 विश्वविद्यालय को मिलता आ रहा है। जिसके तहत विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेमिनार, शिविर, संकाय विकास, अध्यापक ट्रेनिंग व विद्यार्थियों की छात्रवृति सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया और उनका परिणाम भी अच्छा रहा है। यही कारण है कि विश्व बैंक व एमएचआरडी ने विश्वविद्यालय को तीसरी बार टीईक्यूआइपी-3 प्रदान किया गया है। हम इस बार और बेहतर काम करेंगे।

**प्रो. धर्मेंद्र कुमार**, समन्वयक, टीईक्यूआइपी सेल, जीजेयू हिसार।

दैनिक जागरण - 14/6/17

---

**पहल** धरने-प्रदर्शन के बाद भी महीनों लग जाते थे रिजल्ट आने में, परीक्षा के वाद डेढ़ माह से पहले रिजल्ट निकालने की चल रही तैयारी

# पहली बार जीजेयू ने परीक्षा के बाद 25 दिन में निकाला रिजल्ट

संदीप बिश्नोई • हिसार

गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय में 17 मई 2017 को समाप्त हुई एमएससी कैमिस्ट्री कोर्स की परीक्षाओं के बाद 12 जून को परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। अपनी स्थापना के बाद विश्वविद्यालय में संभवतः पहली बार ऐसा हुआ है जब परीक्षा के 25 दिन बाद ही रिजल्ट घोषित कर दिया गया हो। जबकि अभी तक विवि में सभी कोर्सों की परीक्षाएं भी समाप्त नहीं हुई हैं। इतनी जल्दी रिजल्ट घोषित होने के बाद विद्यार्थी खुशी के साथ हैरान भी हैं कि जो रिजल्ट घोषित होने में महीनों लग जाते थे, वह चंद दिनों में कैसे जारी हो गया। बहरहाल, कुछ भी हो विश्वविद्यालय की परीक्षा व रिजल्ट प्रणाली में सुधार से विद्यार्थियों को बड़ा फायदा होने वाला है। विश्वविद्यालय प्रशासन इस प्रणाली में और भी सुधार करने की बात कह रहा है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि विश्वविद्यालय में 17 जून को सभी कक्षाओं की परीक्षाएं खत्म हो रही हैं। इसके बाद करीब डेढ़ महीने में सभी कोर्सों का रिजल्ट निकालने की कोशिश होगी।

**धरने प्रदर्शन के बाद भी महीनों में निकलता था रिजल्ट :** विश्वविद्यालय में 25 दिनों में रिजल्ट निकालना हैरानी की बात इसलिए है कि किसी भी कक्षा का रिजल्ट निकलवाने के लिए विद्यार्थियों को धरना-प्रदर्शन करना पड़ता था। इसके बाद भी रिजल्ट निकलने में महीनों निकल जाते थे। विद्यार्थियों की अगले सेमेस्टर की परीक्षा शुरू होकर खत्म भी हो जाती थी, लेकिन रिजल्ट नहीं निकलता था। इसी वर्ष की बात करें तो अप्रैल और मई में ही विद्यार्थियों ने दर्जनों प्रदर्शन रिजल्ट को लेकर किए थे।

### केवल 25 दिन में रिजल्ट घोषित कर विश्वविद्यालय ने दिए प्रक्रिया में बदलाव के संकेत



### स्थापना के बाद पहली बार मिला स्थाई परीक्षा नियंत्रक

गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय की स्थापना सन 1995 में हुई थी। मार्च 2017 तक विश्वविद्यालय को कोई स्थाई परीक्षा नियंत्रक नहीं मिला। हर बार चार्ज देकर काम चलाया जाता रहा। इन कार्यकारी परीक्षा नियंत्रकों को शायद दायित्व बोध नहीं होने के कारण ही ऐसा होता रहा कि रिजल्ट समय पर घोषित नहीं हुआ। पहली बार स्थाई परीक्षा नियंत्रक की नियुक्ति हुई तो रिजल्ट ब्रांच की कार्यशैली भी बदल गई है। 12 जून को विश्वविद्यालय ने मई में हुई एमएससी इन कैमिस्ट्री कोर्स की रेगुलर व री-अपीयर की परीक्षाओं का रिजल्ट घोषित कर दिया। इस परीक्षा परिणाम में कुल 55 विद्यार्थियों में से 50 विद्यार्थी पास हुए और पांच की री-अपीयर है। बता दें कि अगर रिजल्ट जल्द जारी होगा तो निश्चित रूप से विद्यार्थियों को इसका लाभ मिलेगा।

"हमने पिछली बार भी प्रयास किए थे। इस बार नए स्थाई और एक्टिव परीक्षा नियंत्रक मिले हैं। इस काम को पूरा करने के लिए टीचर्स व परीक्षा नियंत्रक और रिजल्ट को कंपाइल करने वाले कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। हम इस बार फाइनल इयर के सभी रिजल्ट जल्द ही निकाल देंगे। रिजल्ट ब्रांच के पूरे सिस्टम में बदलाव कर नए मापदंड स्थापित किए जाएंगे। **प्रो. टंकेश्वर कुमार**, कुलपति, जीजेयू हिसार।

कम से कम समय में रिजल्ट निकालना बड़ी चुनौती थी। हमारे साथी कर्मचारियों और अधिकारियों ने ऐसा कर दिखाया। हम कोशिश कर रहे हैं कि परीक्षा के बाद अधिकतम डेढ़ महीने में विभिन्न कक्षाओं का रिजल्ट घोषित कर देंगे। भविष्य में परीक्षा और रिजल्ट ब्रांच में और भी बदलाव किए जाएंगे। **प्रो. यशपाल सिंगला**, परीक्षा नियंत्रक, जीजेयू हिसार।"

दैनिक जागरण - 15/6/17

सराहनीय । निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण तथा डिजीटल लेनदेन बारे मासिक प्रशिक्षण शिविर शुरू

# गुजवि देगा बुजुर्गों को डिजीटल लेनदेन की ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज. हिसार

गुजवि के कंप्यूटर सेंटर के सौजन्य से वरिष्ठ नागरिकों हेतु निशुल्क

- कंप्यूटर सेंटर में मासिक प्रशिक्षण शिविर आरंभ



हिसार। नागरिकों को सम्बोधित करते गुजवि कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।

कंप्यूटर प्रशिक्षण तथा डिजिटल लेनदेन बारे मासिक प्रशिक्षण शिविर शुरू किया गया। शिविर का शुभारंभ कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने किया। प्रशिक्षण शिविर में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से 40 वरिष्ठ नागरिक भाग ले रहे हैं। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि आज का युग तकनीकी युग है। किरयाणा स्टोर, पैट्रोल पंप व रेस्टोरेंट से लेकर बड़ी-बड़ी कंपनियां नगदी रहित व्यापार कर रही है। बस टिकट, रेलवे टिकट, हवाई टिकट सहित हर सुविधाएं ऑनलाइन प्राप्त हो रही है। बैंकिंग क्षेत्र भी डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा दे रहा है। सही मायने में देखा जाए तो आज कंप्यूटर ज्ञान के बिना आदमी अधूरा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की शिक्षण के साथ-साथ समाज के प्रति भी जिम्मेदारी बनती है, जिसको ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ नागरिकों हेतू मासिक कंप्यूटर प्रशिक्षण व डिजिटल लेनदेन बारे शिविर का आयोजन किया गया है।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर ने कहा कि आज के तकनीकी युग को देखते हुए विश्वविद्यालय वरिष्ठ नागरिकों को समाज की मुख्यधारा के साथ जोड़ने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने बताया कि निःशुल्क मासिक प्रशिक्षण शिविर में बरवाला, हांसी व आदमपुर सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों के 40 वरिष्ठ नागरिक भाग ले रहे हैं। विश्वविद्यालय इस शिविर के दौरान बेसिक कंप्यूटर, इंटरनेट तथा डिजिटल लेनदेन से संबंधित जानकारियां प्रदान करवाएगा। डा. पुंडीर ने बताया कि विश्वविद्यालय वरिष्ठ नागरिकों व महिलाओं को सुबह-शाम कैम्पस में सैर करने हेतु गेटपास भी उपलब्ध करवा रही है। निशुल्क प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कंप्यूटर सेंटर के प्रमुख मुकेश अरोड़ा की देख-रेख में किया जा रहा है।

हरिभूमि - 20/6/17

# प्लेसमैंट ड्राइव में दो विद्यार्थियों का चयन



अंकित



जुही।

हिसार (ब्यूरो)। जीजेयू के ट्रैनिंग एंड प्लेसमैंट सैल द्वारा आयोजित प्लेसमैंट ड्राइव में दो विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इसके साथ-साथ दो अन्य विद्यार्थियों को ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण के लिए चुना गया है। चयन हुए विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार तथा कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर ने बधाई दी।

सैल के निदेशक प्रताप सिंह मलिक ने बताया कि प्लेसमैंट ड्राइव में जी मीडिया प्राइवेट लि. द्वारा एमएससी जन संचार के अंकित राज शर्मा व जुही कुमारी का चयन किया गया। उन्होंने बताया कि एमएससी जन संचार के विद्यार्थी आशीष छाबड़ा व प्राची को ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण के लिए चुना गया है। प्लेसमैंट ड्राईव के दौरान संचार, प्रबंधन एवं तकनीकी विभाग के विभागाध्यक्ष डा. विक्रम कौशिक, प्लेसमैंट समन्वयक डा. एम.आर. पात्रा व प्लेसमैंट सैल के सहायक निदेशक आदित्य वीर सिंह का विशेष सहयोग रहा।

अमर उजाला - 20/6/17



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करते कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर।

# गुजवि में मनाया योग दिवस

हिसार, 21 जून (का.प्र.): गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर ने कहा कि भौतिक काल में बीमारियों के इलाज के लिए दवा की आवश्यकता कम होती थी। अधिकतर बीमारियों का समाधान योग के माध्यम से ही होता था। आज बढ़ रही बीमारियों का मुख्य कारण योग से दूर होना है। डा. पुंडीर विश्वविद्यालय के खेल विभाग द्वारा तृतीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रतिभागियों को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर ने महर्षि पतंजलि की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खेल निदेशक डा. शशि भूषण लूथरा ने की। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय योग प्रशिक्षक प्रकाश ने योगा का प्रोटोकॉल करवाया।

विश्वविद्यालय के खेल निदेशक डा. शशि भूषण लूथरा ने कहा कि हमें प्रतिदिन योग करना चाहिए। कपालभाति प्राणायाम, अनुलोम विलोम प्राणायाम व उद्गित प्राणायाम, बाह्य प्राणायाम सहित विभिन्न प्राणायामों से शरीर व मन को शांति मिलती है और बीमारियों से छुटकारा मिलता है। कार्यक्रम में पतंजलि योग समिति गांव किरतान व आर्यनगर के 15 बच्चों ने अपनी योग कला का प्रदर्शन किया तथा आंखों पर पट्टी बांधकर विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर खेल विभाग द्वारा बच्चों को प्रमाण पत्र भी दिए गए। कार्यक्रम में प्रो. हरभजन बंसल, प्रो. कर्मपाल नरवाल, प्रो. आर.के. गुप्ता, प्रो. वी.के. बिश्नोई, प्रो. एन.एस. मलिक, प्रो. विनोद कुमार, प्रो. सुजाता सांघी, प्रो. रवीश गर्ग, सत्यपाल, सुशीला सिवाच, कृष्ण कुमार, अशोक कुमार, सुरेश, विनोद कुमार, अजीत व कमल सहित विश्वविद्यालय के कर्मचारियों, विद्यार्थियों व कर्मचारियों के परिवार के सदस्यों ने भाग लिया।

पंजाब केसरी हिसार - 22/6/17

# गुजवि की पूर्व छात्रा शैफाली मिश्रा का आईआईएससी में पीएचडी के लिए चयन

पांच बजे न्यूज

हिसार। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के बायो एंड नैनो टेक्नोलॉजी विभाग की एमएससी जैव प्रौद्योगिकी की पूर्व छात्रा (बैच 2014-2016) शैफाली मिश्रा को पीएचडी के लिए इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस (आईआईएससी), बैंगलोर के आणविक प्रजनन, विकास और अनुवंशिकी विभाग द्वारा चुना गया है। उनका चयन संस्था द्वारा आयोजित ज्ञान आधरित विश्लेषणात्मक साक्षात्कार के तहत हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व कुलसचिव डा. अनिल कुमार पुंडीर ने पूर्व छात्रा शैफाली मिश्रा को इस उपलब्धी पर बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

यह जानकारी देते हुए बायो एंड नैनो टेक्नोलॉजी विभागाध्यक्ष डा. नमिता सिंह ने बताया कि शैफाली मिश्रा विभाग की बहुत ही मेधावी छात्रा रही हैं। मिश्रा ने सीएसआईआर-यूजीसी-जेआरएफ की परीक्षा पहले प्रयास में ही उतीण कर ली थी। उन्होंने बताया कि जेआरएफ उतीण होने उपरान्त उनको इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च (आईआईएसईआर) मोहाली तथा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी), मुम्बई द्वारा पीएचडी करने हेतू पेशकश की गई, परन्तु वह अपनी उच्च शिक्षा भारतीय विज्ञान संस्थान, बैंगलोर से प्राप्त करना चाहती थी। उन्होंने बताया कि शैफाली मिश्रा ने भारतीय विज्ञान संस्थान, बैंगलोर में दाखिले के लिए कड़ी मेहनत की और अपना लक्ष्य हासिल किया।

पांच बजे - 23/6/17

# जीजेयू में एमएससी केमिस्ट्री, मैथ व फिजिक्स की 156 सीटों के लिए 3745 आवेदन

## विभिन्न कोर्सों के लिए साढ़े दस हजार आए आवेदन

भास्कर न्यूज. हिसार

जीजेयू में एमएससी केमिस्ट्री, मैथ व फिजिक्स विषय में दाखिले को लेकर विशेष रुझान देखने को मिला है। गुरुवार को एमएससी कोर्सों, एमटेक आदि में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन करने का अंतिम दिन था। छात्र देर रात तक एमएससी सहित विभिन्न कोर्सों में दाखिले के लिए आवेदन करते रहे। देर रात तक 10300 आवेदन आ चुके थे। रात 12 बजे तक आवेदन करने पर करीब 150 से 200 आवेदन ओर आने की संभावना जताई जा रही थी। एमएससी , एमफार्मा के विभिन्न कोर्सों में दाखिले के करीब 789 सीटें हैं।

दो वर्षीय डिग्री में एमएससी साइकोलॉजी, फिजियोथैरेपी, एंवायरमेंटल साइंस, फूड टेक्नोलॉजी की प्रवेश परीक्षा 6 जुलाई को, मैथमेटिक्स, बायोटेक्नोलॉजी, फिजिक्स की 10 जुलाई को, मास कम्युनिकेशन व केमिस्ट्री की प्रवेश परीक्षा 11 जुलाई को, एमएससी इकनॉमिक्स की 13 जुलाई को प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी।

### विभिन्न कोर्सों के लिए आए इतने आवेदन

- एमएससी साइकॉलोजी में 52 सीटों पर 225
- एमएससी बायोटेक्नॉलॉजी में 46 सीटों पर 565
- एमएससी केमिस्ट्री में 52 सीटों पर 1410
- एमएससी एंवायरमेंटल साइंस में 52 सीटों पर 130
- एमएससी फूड टेक्नॉलॉजी में 32 सीटों पर 155
- एमएससी मास कम्युनिकेशन में 52 सीटों पर 95
- एमएससी मैथमेटिक्स में 52 सीटों पर 1150
- एमएससी फिजिक्स में 52 सीटों पर 1185

**एमएससी इकनॉमिक्स में 70 आवेदन:** एमफार्मा में 135, बीफार्मा में 1050, फिजियोथैरपी में 240, बीएससी इयूल डिग्री कोर्स में 2450, कंप्यूटर साइंस में 60, प्रिंटिंग में 15, नैनो साइंस में 60 आवेदन आ चुके हैं।

दैनिक भास्कर - 23/6/17

जीजेयू कैंपस में नॉनवेज नहीं मिलने के कारण विदेशी स्टूडेंट्स को आती है परेशानी, अभी तक 55 से अधिक ने एडमिशन के लिए किया आवेदन

विडंबना

# नॉनवेज खाने के लिए जीजेयू के विदेशी स्टूडेंट्स पीजी में होंगे शिफ्ट

सुभाष चंद्र | हिसार

जीजेयू में विदेशी स्टूडेंट्स के लिए होस्टलों में नॉनवेज की सुविधा नहीं है। इसके चलते नॉनवेज भोजन करने वाले विदेशी स्टूडेंट्स को समस्या रहती है। इसके समाधान के लिए जीजेयू प्रशासन अब विदेशी स्टूडेंट्स को एचएयू के इंटरनेशनल हॉस्टल व पीजी में शिफ्ट करने के बारे में विचार कर रहा है। इस साल जीजेयू में एडमिशन के लिए 55 से अधिक विदेशी स्टूडेंट्स के आवेदन आज चुके हैं। विदेशी स्टूडेंट्स की नॉनवेज की जरूरतों को देखते हुए इन्हें एचएयू के इंटरनेशनल हॉस्टलों व शहर में पीजी में भेजने पर विचार किया जा रहा है। एचएयू के इंटरनेशनल हॉस्टल में विदेशी छात्रों के लिए नॉनवेज की सुविधा है। वहीं विदेशी छात्रों के लिए पीजी का प्रबंध कर उन्हें नॉनवेज खाना उपलब्ध करवाया जाएगा।

गौरतलब है कि जीजेयू में पढ़ने वाले विदेशी छात्रों को जीजेयू के नियमों के कारण नॉनवेज उपलब्ध नहीं करवाया जाता है। लेकिन जीजेयू में विदेशों से आने वाले अधिकतर छात्र अफ्रीका महाद्वीप के देशों से आते हैं। इन देशों में ब्रेकफास्ट, लंच, डिनर डाइट में अक्सर नॉनवेज प्रयोग किया जाता है। जिस कारण विदेशी छात्रों को जीजेयू में दाखिला लेने पर नॉनवेज की कमी महसूस होती है। विदेशी छात्र नॉनवेज उपलब्ध करवाने को लेकर कई बार जीजेयू प्रशासन से कह भी चुके हैं। लेकिन विदेशी छात्रों को जीजेयू में सिर्फ शाकाहारी खाना ही दिया जाता है। हालांकि विदेशी छात्रों को विवि से बाहर जाकर नॉनवेज लेने की अनुमति है।

### पहली बार आए इतने आवेदन

जीजेयू में पहली बार इतनी अधिक संख्या में विदेशी छात्रों ने दाखिले के लिए आवेदन किए हैं। सेशन 2017-18 के लिए अभी तक करीब 55 आवेदन आ चुके हैं। जबकि पिछले वर्ष सिर्फ 31 आवेदन आए थे। हालांकि इन 31 में से सिर्फ 6 विदेशी छात्र ही जीजेयू में दाखिला ले पाए थे। अन्य छात्र डॉक्यूमेंट व अन्य कारणों से आवेदन करने के बावजूद विवि में दाखिला नहीं ले पाए थे। इस बार जीजेयू में दाखिले के लिए अप्लाई करने वालों में इथोपिया, घाना, उगांडा, ईरान, नेपाल आदि देशों के छात्र शामिल हैं।

### शाकाहारी खाने से होती है बोरियत : बहारा

जीजेयू में पिछले वर्ष इलेक्ट्रॉनिक्स में एमटेक में दाखिला लेने वाली ईरान से आई बहारा नाम की विदेशी छात्रा जीजेयू के वातावरण में पूरी तरह ढल चुकी है। लेकिन बहारा की भी शिकायत है कि उन्हें खाने में नॉनवेज नहीं मिलता। बहारा ने बताया कि उन्हें अपने देश में तीनों समय खाने के साथ नॉनवेज मिलता था। लेकिन वह पिछले एक साल से नॉनवेज को मिस कर रही है। शाकाहारी खाने से बोरियत होती है।

### नहीं आने देंगे नॉनवेज की समस्या

विदेशी स्टूडेंट्स को विवि में नॉनवेज की समस्या रहती है। अबकी बार कई विदेशी स्टूडेंट्स ने आवेदन किया है। इन छात्रों के लिए एचएयू के हॉस्टलों व पीजी में भेजने पर विचार किया जा रहा है।"

-प्रो.टंकेश्वर कुमार, वाइस चांसलर, जीजेयू, हिसार।

दैनिक भास्कर - 29/6/17

# बीएससी ड्यूल डिग्री कोर्स के लिए 2067 ने दी परीक्षा

## आज घोषित किया जाएगा परिणाम, तीन जुलाई को होगी पहली काउंसिलिंग

अमर उजाला ब्यूरो

हिसार।

गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से बीएससी के ड्यूल डिग्री कोर्स में दाखिले के लिए बुधवार को कॉमन प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। प्रवेश परीक्षा के लिए 2450 विद्यार्थियों ने आवेदन किए थे, जिनमें से 2067 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार पुंडीर द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया।

विश्वविद्यालय के एडमिशन कोर्डिनेटर डॉ. जेबी दहिया ने बताया कि बीएससी ड्यूल डिग्री कोर्स के लिए प्रवेश परीक्षा सुबह 11 से साढ़े 12 बजे तक हुई। परीक्षा में 2067 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रवेश परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय कैंपस के विभिन्न विभागों में 11 केंद्र बनाए गए। परीक्षा में पारदर्शिता लाने के लिए सभी केंद्रों की वीडियोग्राफी भी करवाई गई। एडमिशन कोर्डिनेटर डॉ. जेबी दहिया ने बताया कि बीएससी ड्यूल डिग्री कोर्स के लिए की प्रवेश परीक्षा का परिणाम 29 जून को घोषित किया जाएगा। प्रवेश परीक्षा के तहत विद्यार्थी विश्वविद्यालय में चल रहे बीएससी केमिस्ट्री, बीएससी फिजिक्स, बीएससी मैथेमैटिक्स, बीएससी बायो टेक्नोलॉजी के ड्यूल डिग्री कोर्सेज में दाखिला ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को मेरिट के आधार पर दाखिला दिया जाएगा। दाखिले के लिए पहली काउंसिलिंग तीन जुलाई को होगी। विश्वविद्यालय द्वारा दूसरी काउंसिलिंग छह जुलाई को और तीसरी काउंसिलिंग 13 जुलाई को होगी।



जीजेयू में बीएससी डयूल डिग्री परीक्षा में जांच करते कुलसचिव एके पुंडीर। अमर उजाला

### हेल्प डेस्क से मिली मदद

विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक डॉ. सुजाता सांघी ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों को केंद्रों से संबंधित आने वाली समस्याओं को लेकर एनएसएस की ओर से दो हेल्प डेस्क लगाए गए, जिसमें 15 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। हेल्प डेस्क से प्रवेश परीक्षा में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को केंद्रों की जानकारी दी गई।

अमर उजाला - 29/6/12